पढ़े चलो, बढ़े चलो

Samagra Shiksha Abhiyan (Secondary Education)

# प्रश्न बैंक

# 2021–22

# विषय: हिन्दी

# कक्षा : 9वीं

**समग्र शिक्षा अभियान (सेकेण्डरी एजुकेशन) लोक शिक्षण संचालनालय, म.प्र.**

लोक शिक्षण संचालनालय, म.प्र. भोपाल

# प्रश्न बैंक निर्माणकर्ता

- **डॉ. मीनाक्षी दुबे**
  (उ.मा.शि.)
  विषय विशेषज्ञ, स्टेट असेसमेंट सेल,
  लोक शिक्षण संचालनालय, म.प्र. भोपाल

- **डॉ. चित्रा पिल्लै**
  (उ.श्रे.शि.)
  शासकीय उ.मा.वि. निशातपुरा, भोपाल

- **डॉ. धीरज कुमार शर्मा**
  (उ.मा.शि.)
  असेसमेंट डिजाइन एक्सपर्ट, जिला मंदसौर

- **श्री कमलदीप बैरागी**
  (उ.मा.शि.)
  असेसमेंट डिजाइन एक्सपर्ट, जिला देवास

# माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश भोपाल
# हाईस्कूल परीक्षा सत्र 2021–22
## BLUE PRINT OF QUESTION PAPER

**कक्षा – 9 वीं** | **पूर्णांक – 80**

**विषय – हिन्दी** | **समय – 3:00 घंटे**

| स. क्र. | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई एवं आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | |
| 1 | **क्षितिज भाग–1**<br>**काव्य खंड –**<br>पद्य साहित्य का इतिहास,भक्ति काल,आधुनिक काल–प्रगतिवाद, छायावाद, नई कविता , कवि परिचय, भावार्थ, सौन्दर्य बोध तथा भाव एवं तथा विषय वस्तु पर आधारित प्रश्न | 17 | 07 | 03 | – | 01 | 04 |
| 2 | **काव्य बोध –**<br>काव्य की परिभाषा एवं भेद रस की परिभाषा व्र प्रकार उदाहरण, छन्द, दोहा, सवैया, चौपाई, मुक्तक छन्द, अलंकार–अनुप्रास, रुपक, उपमा, उत्प्रेक्षा, मानवीकरण, | 14 | 07 | 02 | 01 | – | 03 |
| 3 | **क्षितिज भाग–1**<br>**गद्यखण्ड** –<br>गद्य की विधाओं का परिचय, लेखक परिचय, व्याख्या, विषय वस्तु एवं विचार बोध पर आधारित प्रश्न | 16 | 06 | 03 | – | 01 | 04 |
| 4 | **भाषा बोध –**<br>संधि परिचय एवं प्रकार, निपात शब्द, रचना के आधार पर वाक्य के भेद, मुहावरे, क्रिया –विशेषण, वर्तनी, विलोम शब्द, उपसर्ग व प्रत्यय (ब्रिजकोर्स 1 अंक का प्रश्न), सामासिक पद, क्रिया के भेद, शब्द युग्म, तत्सम शब्द, आंचलिक शब्द, विज्ञापन लेखन | 11 | 06 | 01 | 01 | – | 02 |
| 5 | **कृतिका भाग – 1**<br>पूरक पाठ्य पुस्तक से विविध पाठों पर आधारित प्रश्न, आंचलिक भाषा के पाठों में से प्रश्न | 08 | 06 | 01 | – | – | 01 |
| 6 | **अपठित बोध –**<br>अपठित काव्यांश/अपठित गद्यांश | 03 | – | – | 01 | – | 01 |
| 7 | **पत्र – लेखन** – (ब्रिजकोर्स 4 अंक)<br>औपचारिक पत्र/अनौपचारिक पत्र | 04 | – | – | – | 01 | 01 |
| 8 | **निबन्ध लेखन** – किसी एक विषय पर निबन्ध लेखन अनुच्छेद लेखन (ब्रिजकोर्स 3 अंक) व संवाद लेखन | 07 | – | – | 01 | 01 | 02 |
| | **कुल योग** | 80 | 32 | 20 | 12 | 16 | 18 + 5 = 23 |

## प्रश्न पत्र निर्माण हेतु विशेष निर्देश :–

1. प्रश्न क्रमांक 1 से 32 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। सही विकल्प, 06 अंक, रिक्त स्थान 07 अंक, सही जोड़ी 06 अंक, एक वाक्य में उत्तर 07 अंक, सत्य–असत्य 06 अंक संबंधी प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न के 01 अंक निर्धारित हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को छोड़कर सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान होगा। यह विकल्प समान इकाई/उपइकाई से तथा समान कठिनाई स्तर वाले होंगे। इन प्रश्नों की उत्तर सीमा निम्नानुसार होगी :–
   अति लघु उत्तरीय प्रश्न 02 अंक लगभग 30 शब्द
   लघु उत्तरीय प्रश्न 03 अंक लगभग 75 शब्द
   दीर्घ उत्तरीय प्रश्न 04 अंक लगभग 120 शब्द
2. 40 प्रतिशत वस्तुनिष्ठ प्रश्न, 40 प्रतिशत पाठ्यवस्तु पर आधारित प्रश्न, 20 प्रतिशत विश्लेषणात्मक प्रश्न होंगे।
3. सत्र 2021–22 हेतु कम किये गये पाठ्यक्रम में से प्रश्न–पत्र में प्रश्न न दिये जायें।
4. पाठ्यवस्तु पर आधारित प्रायोजना कार्य हेतु 20 अंक आवंटित हैं।

**नोट :– परीक्षा में 10% अधिभार ब्रिजकोर्स को दिया जाएगा।**

# इकाई–1

**परीक्षा में अधिभार**

| स. क्र. | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई एवं आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | |
| 1 | क्षितिज भाग–1<br>काव्य खंड –<br>• पद्य साहित्य का इतिहास,भक्ति काल,आधुनिक काल–प्रगतिवाद, छायावाद, नई कविता<br>• कवि परिचय<br>• भावार्थ<br>• सौन्दर्य बोध तथा भाव एवं तथा विषय वस्तु पर आधारित प्रश्न | 17 | 07 | 03 | – | 01 | 04 |

**महत्वपूर्ण बिन्दु**

- निर्धारित इकाई से 1–1 अंक के 7 प्रश्न, 2–2 अंक के 3 प्रश्न तथा 4 अंक का 1 प्रश्न परीक्षा में पूछा जाएगा।

**क्षितिज भाग 1 के काव्यखंड से 'वाख' , 'चन्द्रगहना से लौटती बेर' , 'यमराज की दिशा', 'बच्चे काम पर जा रहे हैं पाठ से परीक्षा में कोई प्रश्न नहीं पूछा जाएगा।**

# इकाई–1

**प्रश्न (i) सही विकल्प चुनकर लिखिए –** **(01 अंकीय)**

1. आदिकाल की समय सीमा है–
   (क) सन् 993 से सन् 1318 तक
   (ख) सन् 1843 से सन् 1947 तक
   (ग) सन् 1318 से सन् 1643 तक
   (घ) सन् 1643 से सन् 1843 तक

2. सूरदास किस भक्ति शाखा के कवि है–
   (क) ज्ञानमार्गी शाखा
   (ख) कृष्ण भक्ति शाखा
   (ग) प्रेममार्गी शाखा
   (घ) रामभक्ति शाखा

3. आदिकाल को रामचन्द्र शुक्ल ने नाम दिया–
   (क) चारण काल
   (ख) अपभ्रंश काल
   (ग) वीरगाथा काल
   (घ) सिद्ध सामंत काल

4. वीरगाथा काल का श्रेष्ठ महाकाव्य है–
   (क) पद्मावत
   (ख) साकेत
   (ग) पृथ्वीराज रासो
   (घ) रामचरित मानस

5. प्रेममार्गी शाखा के प्रतिनिधि कवि हैं –
   (क) कबीर
   (ख) जायसी
   (ग) तुलसीदास
   (घ) सूरदास

6. कृष्ण भक्ति शाखा के कवि नहीं हैं –

(क) सूरदास (ग) रसखान

(ख) मीराबाई (घ) दादू

7. कबीरदास की भाषा है–

(क) साहित्यिक अवधी (ग) राजस्थानी

(ख) शुद्ध ब्रजभाषा (घ) सधुक्कड़ी

8. हिन्दी साहित्य का सर्वाधिक लोकप्रिय महाकाव्य है–

(क) पद्मावत् (ग) रामचरित मानस

(ख) पृथ्वीराज रासो (घ) रमाल रासो

9. मूर्ति पूजा का विरोध किया –

(क) रसखान ने (ग) मीराबाई ने

(ख) कबीर ने (घ) तुलसी ने

10. रैदास कवि है–

(क) रामभक्ति शाखा के (ग) संत काव्य धारा के

(ख) कृष्ण भक्ति धारा के (घ) सूफी काव्य धारा के

11. छायावाद के प्रमुख कवि है–

(क) चार (ग) आठ

(ख) छः (घ) पाँच

12. प्रगातिवादी कवि है–

(क) रामधारी सिंह दिनकर (ग) कबीर

(ख) सूरदास (घ) महादेवी वर्मा

13. 'नई विधा' विधा स्थापित की गई –

(क) सन् 1853 में (ग) सन् 1959 में

(ख) सन् 1953 में (घ) सन् 1970 में

14. रसखान ने काव्य रचना की है–

(क) ब्रजभाषा में (ग) पंजाबी भाषा में

(ख) मराठी भाषा में (घ) इनमें से कोई नहीं

15. कबीरदास ने आयु पाई थी–

(क) 100 वर्ष (ग) 105 वर्ष

(ख) 120 वर्ष (घ) 110 वर्ष

16. कबीर को वाणी वेदनापूर्ण लग रही है–

(क) कौआ की (ग) कबूतर की

(ख) कोयल की ((घ) मैना की

17. स्वर्ण किरण रचना है–
(क) कबीर (ग) सुमित्रानंदन पंत
(ख) रसखान (घ) इनमें से कोई नहीं

18. ग्रामीण जीवन पूर्णरूप से आश्रित होता है–
(क) कारखानों पर (ग) सरकारी नौकरी पर
(ख) कृषि पर (घ) इनमें से कोई नहीं

19. "मेद्या आए" रचना है–
(क) राजेश जोशी (ग) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
(ख) माखनलाल चतुर्वेदी (घ) सुमित्रानंदन पंत

20. सुमित्रानंदन पंत के काव्य में इनके शब्दों की प्रधानता होती है–
(क) संस्कृत के शब्दों की (ग) फारसी के शब्दों की
(ख) उर्दू के शब्दों की (घ) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न (ii) रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए –** **(01 अंकीय)**

1. ................. को हिन्दी साहित्य का स्वर्ण युग माना गया है।
(भक्तिकाल / वीरगाथा काल)
2. चन्दबरदाई प्रसिद्ध .................. कवि हैं।
(वीरगाथा कालीन / रीतिकालीन)
3. भक्तिकाल का प्रारंभ सन्............................से माना गया है।
(1318 / 1315)
4. ज्ञान मार्गी भक्ति धारा के प्रतिनिधि कवि ................. हैं।
(जयशंकार प्रसाद / कबीरदास)
5. मलिक मोहम्मद जायसी का .................बहुत प्रसिद्ध महाकाव्य है।
(साकेत / पद्मावत)
6. ..................ने वासल्य का कोना–कोना झांका है?
(तुलसीदास / सूरदास)
7. मलिक मोहम्मद जायसी..............काव्यधारा के प्रमुख कवि हैं।
(ज्ञानमार्गी / प्रेममार्गी)
8. प्रगतिवादी कविता.................... के समाजवाद से प्रभावित है।
(फायड / कार्ल मार्क्स)
9. छायावादी कविता की प्रमुख विशेषता............. है।
(सामाजिक विषमता / अलंकारों की प्रधानता)
10. नई कविता की प्रमुख विशेषता .................. है।
(अनुभव प्रधान / रहस्यवादी)
11. प्रेमी ढूँढत में फिरौं.......................मिले न कोई।
(प्रेमी / पति)
12. मानुष हौं तो वही रसखानि बसौं..................गाँव के ग्वारन।
(बज्र गोकुल / मथुरा)
13. कैदी और कोयल दोनों ही.......................देश की वासी है।

(स्वतंत्र / गुलाम)

14. मखमली पेटियों सी लटकी छीमियाँ..................बीज लड़ी।
(छिपाए / दिखाए)

15. कवि ने लता का मानवीकरण..................के रूप में किया है।
(नव विवाहिता / कुवांरी)

**प्रश्न (iii) सही जोड़ी बनाकर लिखिए –** **(01 अंकीय)**

**1**

| | **(अ)** | | | **(ब)** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रामचरित मानस | – | (क) | मीराबाई |
| 2. | कृष्ण भक्त | – | (ख) | बाह्य आडम्बरों का विरोध |
| 3. | सूफी सन्त | – | (ग) | तुलसीदास |
| 4. | कबीरदास | – | (घ) | वल्लभाचार्य |
| 5. | कृष्ण भक्ति धारा | – | (ङ) | जायसी |

**2**

| | **(अ)** | | | **(ब)** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | छायावाद | – | (क) | नागार्जुन |
| 2. | प्रगतिवाद | – | (ख) | 1953 से अब तक |
| 3. | नई कविता | – | (ग) | प्रकृति को मानवीकरण |
| 4. | आधुनिक काल | – | (घ) | छायावाद के समकक्ष |
| 5. | रहस्यवाद | – | (ङ) | भारतेन्दु युग |

**3**

| | **(अ)** | | | **(ब)** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कबीरदास | – | (क) | हिमतरंगिनी |
| 2. | सुजान–रसखान | – | (ख) | वीणा, पल्लव |
| 3. | गर्म हवाएँ | – | (ग) | रसखान |
| 4. | माखनलाल चतुर्वेदी | – | (घ) | साखी |
| 5. | सुमित्रानंदन पंत | – | (ङ) | सर्वेश्वर दयाल सक्सेना |

**प्रश्न (iv) एक वाक्य में उत्तर लिखिए –** **(01 अंकीय)**

1. सूरदास ने किसकी बाल लीलाओं का वर्णन किया है ?
2. भक्तिकाल की रामभक्ति शाखा के प्रमुख कवि कौन है ?
3. बीजक किसी रचनाएँ है ?
4. सगुण भक्ति की कितनी शाखाएँ हैं ?
5. भक्तिकाल के नाम का आधार क्या है ?
6. वीरगाथाकाल में किस काव्य शैली की प्रमुखता है ?
7. छायावाद के प्रमुख चार स्तम्भ कौन–कौन से है ?
8. प्रलय, 'सृजन' रचना किस कवि की है।
9. वह तोड़ती पत्थर कविता किस कवि ने लिखी है ?
10. नई कविता की कोई एक विशेषता लिखिए।

11. कबीरदास जीवन के अन्तिम दिनों में कहाँ चले गए।
12. ज्ञान की तुलना किससे की गई है ?
13. मुरली मुरलीधर तथा अधरान अधरा में कौन–सा अलंकार है ?
14. कवि रसखान किससे अनन्य भक्त हैं ?
15. कोयल अपने गीतों के माध्यम से अंग्रेजी सरकार के विरूद्ध किसको बढ़ावा दे रही है ?
16. सुमित्रानंदन पन्त ने किसके विचारों से प्रभावित होकर कॉलेजछोड दिया ?
17. चाँदी की सी उजली जाली में कौन–सा अलंकार है ?
18. गाँव में शहरी मेहमान (दामाद) की तरह सज–धज कर कौन आया ?
19. मेद्य के आगमन की सूचना देने आगे–आगे कौन प्रसन्नता पूर्वक चल रही है ?

**प्रश्न (v) सत्य/असत्य लिखिए –** **(01 अंकीय)**

1. मीराबाई आदिकाल की कवयित्री हैं।
2. जायसी सूफी काव्य परम्परा के कवि है।
3. कामायनी के रचयिता तुलसीदास हैं।
4. तुलसीदास रीतिकालीन कवि हैं।
5. रामभक्ति शाखा के प्रमुख कवि सूरदास हैं।
6. सूरसागर भक्तिकाल की रचना है।
7. छायावाद में व्यक्तिवाद की प्रधानता नहीं है।
8. निरालाजी की रचना "कुकरमुत्ता" है।
9. नई कविता में खड़ी बोली में रचनाएँ अधिक की गई है।
10. मानसरोवर वास्तव में कैलाश पर स्थित एक पवित्र तालाब है।
11. ईश्वर काबा, कैलाश में मिल सकता है।
12. काल्हि कोऊ कितनों समुझैहै में यमक अलंकार है।
13. मनुष्य रूप में जन्म लेने पर कविब्रज के गाँव में बसना चाहता है।
14. कवि ने कोयल को बावली कहकर सम्बोधित किया है।
15. जेल में स्वतन्त्रता सेनानियों से कार्य नहीं कराया जाता है।
16. ग्राम श्री कविता में कवि ने नई अभि व्यंजना को स्थान दिया है।
17. ग्राम श्री कविता में कवि के अनुसार अमरूद पक गये हैं, परन्तु मीठे नहीं है।
18. पानी परात भरके रूपक अलंकार है।

**प्रश्न (vi) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30–30 शब्दों में लिखिए–** **(02 अंकीय)**

1. वीरगाथा काल की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।
2. वीरगाथा काल के प्रमुख चार कवियों के नाम लिखिए।
3. आदिकाल को वीरगाथा काल क्यों कहा जाता है ?
4. वीरगाथाकाल के प्रमुख दो कवि व उनकी रचनाओं को लिखिए।
5. भक्तिकाल को स्वर्ण–युग क्यों कहा जाता है ?
6. भक्तिकाल के प्रमुख दो–कवियों के नाम व उनकी एक–एक रचनाओं को लिखिए।
7. भक्तिकाल की कौन–कौन सी चार शाखाएँ हैं। चारों के नाम लिखिए।
8. रामभक्ति धारा के प्रमुख कवि व उनकी रचनाएँ लिखिए।
9. सगुण काव्य धारा की दो विशेषताएँ लिखिए।
10. निगुण काव्य धारा के दो कवि व उनकी एक–एक रचना लिखिए।

11. छायावाद से आप क्या समझते है ?
12. प्रगतिवाद की दो विशेषता लिखते हुए एक कवि का नाम व एक रचना लिखिए।
13. नई कविता की प्रमुख दो विशेषताएँ लिखिए।
14. मानसरोवर से कवि का क्या आशय है ?
15. कवि ने सच्चे प्रेम की क्या कसौटी बताई है ?
16. तीसरे दोहे में कवि ने किस प्रकार के ज्ञान को महत्व दिया है ?
17. इस संसार में सच्चा सन्त कौन कहलाता है ?
18. ईश्वर मनुष्य को कहाँ–कहाँ ढूँढ़ता है ?
19. कबीर ने ईश्वर प्राप्ति के लिए किन प्रचलित विश्वासों का खण्डन किया है ?
20. ब्रजभूमि के प्रति कवि का प्रेम किन–किन रूपों में अभिव्यक्त हुआ है ?
21. कवि का ब्रज के बन बाग और तालाब को निहारने के पीछे क्या कारण है ?
22. सखी ने गोपी से कृष्ण का कैसा रूप धारण करने का आग्रह किया ?
23. कालिंदी कूल कदम्ब की डारने में कौन–सा अलंकार है ?
24. कोयल की कूक सुनकर कवि की क्या प्रतिकिया थी ?
25. किस शासन की तुलना नम के प्रभाव से की गई ?
26. अर्द्धरात्रि में कोयल की चीख से कवि को क्या अंदेशा है ?
27. कवि को कोयल से ईर्ष्या क्यों हो रही है ?
28. कवि ने गाँव को हरता जन–मन क्यों कहा है ?
29. कविता में किस मौसम के सौन्दर्य का वर्णन है ?
30. गाँव को मरकत डिब्बे सा खुला क्यों कहा गया है ?
31. अरहर और सनई के खेत कवि को कैसे दिखाई देते हैं ?
32. लता ने बादल रूपी मेहमान को किस तरह देखा ?
33. मेद्य रूपी मेहमान के आने से वातावरण में क्या परिवर्तन हुए ?
34. कबीरदास के शिल्प सौन्दर्य की दो विशेषताएँ लिखिए।
35. कवि रसखान के भाव सौन्दर्य की दो विशेषताएँ लिखिए।
36. माखनलाल चतुर्वेदी के कला पक्ष की दो विशेषताएं लिखिए।
37. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के शिल्प सौन्दर्य की दो विशेषताएँ लिखिए।
38. सुमित्रानंदन पंत के भाव सौन्दर्य की दो विशेषताएँ लिखिए।
39. कबीरदास के भाव सौन्दर्य की दो विशेषताएँ लिखिए।
40. कवि रसखान के शिल्प सौन्दर्य की दो विशेषताएँ लिखिए।

**प्रश्न (vii) निम्नलिखित काव्यांशों का सन्दर्भ–प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए – (4 अंकीय प्रश्न)**

1. मानसरोवर सुभर जल हँसा केलि कराहे।
   मुक्ताफल मुकता चुगै अब उडि अनत न जाहिं ।।

2. प्रेमी ढूंढ़त मैं फिरौं, प्रेमी मिले न कोइ।
   प्रेमी कौ प्रेमी मिलै, सब विष अमृत होई।।

3. ऊँचे कुल का जनमिया, जे करनी ऊँच न होई।
   सुबरन कलस सुरा भरा, साधु निंदा सोइ ।।

4. मानुष हौं तो वही रसखानि बसौं बज्र गोकुल गाँव के ग्वारन।
जो पसु हौं, तो कहा बस मेरी चरौं नित नन्द की धेनु मँझारन।।

पाहन हौं, तो वही गिरि  को जो धर्यो हरिछत्र पुरन्दर धारन।
जो खग हौं तो बसेरो करौं मिलि कालिंदी कूल कदम्ब की डारन।।

5. क्या गाती हो?
क्यों रह–रह जाती हो?
कोकिल बोलो तो!
क्या लाती हो?
संदेशा किसका है?
कोकिल बोलो तो!

6. फैली खेनों में दूर तलक
मखमल की कोमल हरियाली

लिपटी जिसमें रवि की किरणें

चॉदी की सी उजली जाली!

7. निनको के हरे–हरे तन पर
हिल हरित रूधिर है रहा झलक,

श्यामल भू तल पर झुका हुआ

नभ  का चिर निर्मल नील फलक।

8. मेघ आए बडे बन–ठन के सँवर के।
आगे–आगे नाचती–गाती बयार चली
दरवाजे–खिडकियॉ खुलने लगी गली–गली
पाहुन प्यों आए हो गॉव के उस शहर के ,
मेद्य आए बडे बन–ठन के सॅवर के

9. हँस मुख हरियाली से हम–आनप
सुख से अलसाए–से सोए
भीगी आँधियाली–में निशि की
नारक  स्वप्ना में– से खोए

10. पेड़ झुक झाँकने लगे गरदन उचकाएँ
आँधी चली, धूल भागी धाधरा उठाए
बाँकी चिनवन  उठा, नदी ठिठकी घूँघट सरके
मेघ आए बडे बन–ठन के सँवर के।

## इकाई–2

**परीक्षा में अधिभार**

| क्र. | पाठयक्रमानुसार इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित कुल अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | |
| 01 | काव्यबोध<br>• काव्य– की परिभाषा एवं भेद<br>• रस की परिभाषा प्रकार, उदाहरण<br>• छन्द– दोहा, सैवया, मुक्तकछंद चौपाई<br>• अंलकार– अनुप्रास,उपमा,रूपक, उत्प्रेक्षा मानवीकरण | 14 | 07 | 02 | 01 | – | 03 |

**महत्वपूर्ण बिन्दु –**

- निर्धारित इकाई से 1–1 अंक के 7 प्रश्न तथा 2–2 अंक के 2 प्रश्न तथा 3 अंक का 1 प्रश्न परीक्षा में पूछा जाएगा।

## इकाई – 2

**प्र.(i) सही विकल्प चुनकर लिखिए –** **(01 अंकीय)**

1. जहाँ एक शब्द बार–बार आए, किन्तु उसका अर्थ हर बार अलग–अलग हो वहाँ अलंकार होता है–
   (क) यमक (ग) अनुप्रास
   (ख) श्लेष (घ) रूपक
2. पीपर पात सरिस मनडोला में अलंकार है–
   (क) उपमा (ग) उत्प्रेक्षा
   (ख) रूपक (घ) यमक
3. जहाँ एक ही शब्द के एक से अधिक अर्थ होते है, वहाँ होता है –
   (क) अनुप्रास अलंकार (ग) श्लेष अलंकार
   (ख) यमक अलंकार (घ) उपमा अलंकार
4. काव्य की शोभा बढाने वाले तत्वों को कहते है–
   (क) रस (ग) छन्द
   (ख) अलंकार (घ) स्थायी भाव
5. 'चारू चन्द्र की चंचल किरणें '' मै कौन सा अलंकार है–
   (क) उपमा अलंकार (ग) अनुप्रास अलंकार
   (ख) श्लेष अलंकार (घ) रूपक अलंकार
6. काव्य के भेद माने गए हैं –
   (क) दो (घ) पाँच
   (ख) तीन
   (ग) चार

7. प्रबन्ध काव्य के प्रकार होते हैं–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | चार | (ग) | दो |
| (ख) | तीन | (घ) | आठ |

8. ''रसात्मंक वाक्य काव्यम'' परिभाषा दी हैं–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | आचार्य भामह | (ग) | पंडितराज जगन्नाथ |
| (ख) | आचार्य विश्वनाथ | (घ) | आचार्य दण्डी |

9. विभावनुभाव संचारी संयोगाद्रस निष्पति'' यह सूत्र किसका हैं–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | दण्डी | (ग) | आचार्य कौशिक |
| (ख) | भरतमुनी | (घ) | आचार्य भाद्राचार्य |

10. रस के अंग है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | दो | (ग) | छः |
| (ख) | चार | (घ) | आठ |

## प्रश्न (ii) रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए – (01 अंकीय)

1. अलंकारों का अनावश्यक प्रयोग कविता के सौन्दर्य को ............. करता है। (वृद्धि / बाधित)
2. उपमेय में उपमान का आरोप –––––––अलंकार होता है। (उत्प्रेक्षा / रूपक )
3. अलंकार का सामान्य अर्थ –––––––––है। (गहना / रस)
4. रस के प्रकार –––––– है। (नौ / सात)
5. महकाव्य में जीवन का ––––––––––चित्रण होता हैं। (संपूर्ण / एक पक्ष)
6. खण्डकाव्य में जीवन का ––––––––––चित्रण होता हैं। (जीवन के एक अंश) / संपूर्ण )
7. सुदामा चरित ––––––– हैं। (महाकाव्य / खण्डकाव्य)
8. 'मंगल भवन अमंगल हारी' में–––––––––छंद है– (दोहा / चौपाई)
9. छंद के ––––––– भेद होते है– (दो / चार)
10. विरह – वियोग श्याम सुन्दर के, ठाढ़े क्यों न जरे। यह उदाहरण किस रस का है। (अदभुत रस / वियोग रस)
11. घृणा को उत्पन्न करने वाले दृश्यों का वर्णन होने पर –––––––– रस होता है।– (भयानक रस / बीभत्स रस)
12. जहाँ काव्य सौन्दर्य का आधार शब्द होते है, वहाँ –––––––– होते हैं। (शब्दालंकार / अर्थालंकार)
13. रामचरित मानस –––––– है। (महाकाव्य / खण्डकाव्य)
14. मात्रिक छन्द में ––––––– की गणना की जाती है। (वणौ की / मात्राओं की)
15. रंगमंच पर अभिनय देखकर आनंदनुभूति ––––––– काव्य की होती हैं। (दृश्य / श्रव्यकाव्य)

## प्रश्न (iii) सही जोड़ी बनाकर लिखिए – (01 अंकीय)

| **1** | **'अ'** | **'ब'** |
|---|---|---|
| 1. | रसात्मक वाक्यं काव्यम् | (क) कामायनी |
| 2. | महाकाव्य | (ख) मात्रिक छन्द |
| 3. | पंचवटी | (ग) आचार्य विश्वनाथ |
| 4. | मुक्तक काव्य | (घ) महाकाव्य |
| 5. | दोहा | (ङ) पुर्वापर सम्बन्ध से मुक्त |
| 6. | रामायण | (च) खण्डकाव्य |

| 2 | 'अ' | 'ब' |
|---|---|---|
| 1. | काव्य की शोभा बढाने वाले तत्व | (क) दो |
| 2. | श्लेष का अर्थ है | (ख) वर्णो की गणना |
| 3. | छंद के प्रकार | (ग) अलंकार |
| 4. | अलंकार  शब्द का सामान्य अर्थ है | (घ) काव्य |
| 5. | वार्णिक छंद | (ड़) चिपका हुआ |
| 6. | छंद से बँधी रचना कहलाती है | (च) आभूषण |

| 3 | 'अ' | 'ब' |
|---|---|---|
| 1. | गणों के रूप होते है | (क) 8 सर्ग |
| 2. | छंद के प्रकार | (ख) प्रबंध काव्य व मुक्तक काव्य |
| 3. | तीन वर्णो के समूह को | (ग) आठ |
| 4. | महाकाव्य के कम से कम | (घ) अभिव्यक्ति है |
| 5. | कविता का बाह्रय रूप | (ड़) दो |
| 6. | श्रव्य काव्य के भेद | (च) गण कहते हैं। |

**प्रश्न (iv) एक वाक्य में उत्तर लिखिए –** **(01 अंकीय)**

1. महाकाव्य का कथावस्तु (कलवर) कैसा होता है।
2. गोस्वामी तुलसीदास के प्रमुख महाकाव्य का नाम क्या है?
3. एक खण्ड काव्य का नाम लिखिए।
4. काव्य के कितने भेद होते हैं?
5. प्रबंध काव्य के कितने भेद होते हैं?
6. मुक्तक काव्य के भेद बताइए तथा उनके नाम लिखिए।
7. 'चरण सरोज पखारन लागे' में कौन सा अलंकार है ?
8. रस के प्रमुख अंगों कितने हैं।
9. जिस काव्य का आनन्द पढ्‌कर या सुनकर लिया जाता है, उसे क्या कहते हैं?
10. श्रृंगार रस का स्थायी भाव लिखिए।

**प्रश्न (v) सत्य/असत्य लिखिए –** **(01 अंकीय)**

1. ''रसयुक्त वाक्य ही काव्य है'' कथन आचार्य विश्वनाथ का है।
2. प्रबंध काव्य में छंदों में पूर्वापर संबंध होता है।
3. खण्ड काव्य में अनेक सर्ग होते है।
4. महा काव्य में एक ही छंद का प्रयोग होता है।
5. खण्ड काव्य की कथावस्तु विस्तृत होती है।
6. महा काव्य में एक ही सर्ग होता है।
7. मुक्तक काव्य में प्रत्येक छंद अपने आप में स्वतन्त्र और पूर्ण रहता है।
8. अलंकार का सामान्य अर्थ है– गहना
9. ''मानो झूम रहे है तरू भी मंद पवन के झोंको से" पंक्ति में उत्प्रेक्षा अलंकार है।
10. कविता के शाब्दिक अनुशासन को छन्द कहते है।
11. खण्ड काव्य मुक्तक काव्य का एक भेद है।
12. कविता का आन्तरिक रूप लय है।
13. काव्य में जहाँ उपमेय में उपमान की आरोप होता है, वहाँ रूपक अलंकार होता हैं।
14. जहाँ मृत्यु तुल्य वियोग का वर्णन होता है। वहाँ करूण रस होता हैं।
15. स्थायी भाव के कारण को विभाग कहा जाता हैं।

**प्रश्न (vi) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30—30 शब्दों में लिखिए—** **(02 अंकीय)**

1. जगन्नाथ के अनुसार काव्य किसे कहते हैं ?
2. मुक्तक काव्य की परिभाषा लिखिय
3. प्रबंध काव्य की परिभाषा भेद सहित लिखिए
4. अलंकार की परिभाषा लिखिए
5. काव्य के प्रकारों के नाम लिखिए।
6. मुक्त काव्यों के प्रकारों के नाम लिखिए।
7. रस के कितने अंग होते हैं ? प्रत्येक का नाम लिखिए।
8. रस के प्रकार एवं उनके स्थायी भाव लिखिए।
9. शान्त रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
10. रौद्र रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
11. अद्भुत रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
12. करूण रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
13. हास्य रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
14. वात्सल्य रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
15. अनुप्रास अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
16. यमक अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
17. विभाव व अनुभाव में कोई तीन अंतर लिखिए।

**प्रश्न (vii) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 75—75 शब्दों में लिखिए——** **(03 अंकीय)**

1. रस की परिभाषा उदाहरण सहित दीजिए।
2. छन्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
3. कविता के कितने पक्ष होते हैं ? वर्णन कीजिए।
4. महाकाव्य एवं खण्डकाव्य में तीन अंतर लिखिए।
5. श्रृंगार रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
6. श्रृंगार रस के कितने भेद हैं ? उदाहरण सहित लिखिए।
7. वीर रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
8. वीभत्स रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
9. भयानक रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
10. छन्द में मात्रा लगाने के नियमों को लिखिए।
11. सैवया छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
12. छन्द के कितने भेद हैं उदाहरण सहित लिखिए।
13. चौपाई छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
14. दोहा छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
15. अलंकार के कितने भेद हैं, नाम सहित लिखिए।
16. श्लेष अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
17. अर्थालंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
18. उपमा की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
19. उपमा अलंकार के कितने अंग होते हैं, नाम लिखिए ?
20. रूपक अलंकार की परिभाषा उदारण सहित लिखिए।
21. उत्प्रेक्षा अलंकार की परिभाषा उदारण सहित लिखिए।
22. उभयलंकार की परिभाषा उदारण सहित लिखिए।
23. मानवीकरण अलंकार की परिभाषा लिखिए
24. पाठ्यमुक्तक व गेय मुक्तक में अन्तर लिखिए।
25. मात्रिक छन्द व वार्णिक छन्द में अन्तर लिखिए।
26. संचारी भाव व स्थायी भाव में अन्तर लिखिए।
27. विभाव व अनुभाव में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

## इकाई–3

**परीक्षा में अधिभार**

| क्र. | पाठयक्रमानुसार इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित कुल अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न 1 अंक | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | |
| 01 | क्षितिज भाग–2 काव्यखण्ड<br>क्षितिज भाग–2<br>• गद्य खण्ड–गद्य खण्ड की विधाओं का परिचय<br>• लेखक परिचय<br>• व्याख्या<br>• विषय वस्तु एवं विचार बोध पर आधारित प्रश्न | 16 | 06 | 03 | – | 01 | 04 |

**महत्वपूर्ण बिन्दु**

- निर्धारित इकाई से 1–1 अंक के 6 प्रश्न, 2–2 अंक के 3 प्रश्न तथा 4 अंक का 1 प्रश्न परीक्षा में पूछा जाएगा।

**क्षितिज भाग 2 के गद्य खण्ड से 'ल्हासा की ओर', 'साँवले सपनों की याद' पाठ से परीक्षा में कोई प्रश्न नहीं पूछा जाएगा।**

## इकाई–3

**प्रश्न (i) सही विकल्प चुनकर लिखिए –** **(01 अंकीय)**

1. जानवरों में सबसे बुद्विहीन समझा जाने वाला प्राणी है–
   (क) कुत्ता (ग) गधा
   (ख) बैल (घ) हाथी

2. ऋषि–मुनियों के गुण किसमें पहुँच गए–
   (क) गधे में (ग) बैल में
   (ख) घोड़े में (घ) बंदर में

3. अड़ियल का अर्थ है–
   (क) हठी (ग) नाराजगी
   (ख) अड़ना (घ) मूर्ख

4. गद्य हमारी स्वाभाविक –
   (क) अभिव्यक्ति है (ग) पद्य है
   (ख) रचना है (घ) व्याख्या है

5. एकांकी में अंक होता है–
   - (क) एक
   - (ख) तीन
   - (ग) पाँच
   - (घ) एक भी नहीं

6. 'रिपोर्ताज' शब्द है–
   - (क) फ्रांसीसी भाषा का
   - (ख) इटैलियन भाषा का
   - (ग) ग्रीक भाषा का
   - (घ) अंग्रेजी भाषा का

7. हमारी नई संस्कृति की विशेषता है –
   - (क) यह समृद्धशाली संस्कृति है।
   - (ख) यह अनुकरण की संस्कृति है।
   - (ग) यह सर्वोत्तम संस्कृति है।
   - (घ) यहां मूल्यों की संस्कृति है।

8. सेनापति दुख प्रकट करते हुए बात कर रहा था –
   - (क) नाना साहब से
   - (ख) अउटरम से
   - (ग) लार्ड केनिंग से
   - (घ) मैना से

9. फोटो खिंचवाते समय किस परम्परा की ओर संकेत किया हैं–
   - (क) नये कपड़े पहनने की
   - (ख) चेहरे पर मुस्कान लाने की
   - (ग) अच्छे जूते पहनने की
   - (घ) फोटोग्राफर से अच्छी फोटो लाने का अनुरोध किया

10. आज सपने के खोने की बात की गई है–
   - (क) हिन्दू–मुस्लिम एकता
   - (ख) हिन्दू– मुस्लिम के अलग देश बनाने की
   - (ग) क व ख दोनों
   - (घ) इसमें से कोई नहीं

11. लेखक जब वहाँ पहुँचा उस समय सूरज......................
   - (क)सिर पर चढ़ आया था
   - (ख) आग उगल रहा था
   - (ग) छिपने वाला था
   - (घ) निकलने वाला था

**प्रश्न (ii) रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए – (01 अंकीय)**

1. प्रेमचन्द का जन्म .... में हुआ। (बनारस / लाहौर)
2. गधे का एक छोटा भाई भी है उसका नाम है ..... (बैल / कुत्ता)
3. बैल का स्थान गधे से .... है । (नीचा / ऊँचा )
4. लेखक के सामने ............. का फोटो है। (प्रेमचन्द / परसाई)
5. लेखक की दृष्टि .......... पर अटक गई है। (फोटो / परसाई)
6. प्रेमचन्द जी ......... साहित्यकार थे। (आदर्शवादी / यर्थाथवादी)
7. गद्‌य में व्याकरण का प्रयोग भी ............... से ग्रहण किया जा सकता है।(आसानी / कठिनाई)
8. पात्रों के संवादों से प्रस्तुत रचना .................. कहलाती है।(एकांकी / नाटक)
9. एकांकी में .................. होता है।(एक अंक / अनेक अंक)
10. सांस्कृतिक अस्मिता से आशय है, हमारी .............. पहचान। ( सांस्कृतिक / ऐतिहासिक )
11. उपभोगतावादी संस्कृति से समाज मै वर्गो के मध्य ............ बढ़ रही है। ( दूरी / नजदीकी )
12. मैना साहसी थी / वह जनरल हे से अपनी बातें .........कह देती है। ( साहस पूर्वक / डरकर )
13. नाना साहब की पुत्री मैना का अपने ............. से बहुत लगाव था। ( प्रासाद / सखियों )
14. जूता सदैव ही टोपी से .......... रहता है। ( कीमती / सस्ता )

15. फोटो में प्रेमचन्द के साथ उनकी ............. भी है। (बेटा / पत्नी)
16. लेखिका महादेवी वर्मा के बाबा फारसी और ............... भाषा के जानकार थे। (उर्दू / हिन्दी )
17. महादेवी वर्मा के बाबा उन्हें ................. बनाना चाहते थे। (गायिका / विदुषी)
18. कुत्ता अपने मालिक से ................ करता है। ( निःस्वार्थ प्रेम / घृणा)
19. मैना कभी ............... हो सकती है, यह मेरा विश्वास ही नहीं था। (करूण / क्रोधी )
20. मूक हृदय का ............ आत्मनिवेदन है। ( प्राणपद / नयनभिराम)

**प्रश्न (iii) सही जोड़ी बनाकर लिखिए—** **(01 अंकीय)**

**1**

| **'अ'** | **'ब'** |
|---|---|
| 1. बुद्धिहीन प्राणी | (क) गया |
| 2. सेनापति 'हे' की पुत्री | (ख) गधा |
| 3. झूरी का साला | (ग) मेरी |
| 4. लेखक की नजर अटक गई | (घ) मैना |
| 5. नाना साहब की पुत्री | (ड़) प्रेमचन्द के फटे जूते पर |

**2**

| **' अ'** | **'ब'** |
|---|---|
| 1. प्रेमचन्द | (क) श्यामाचरण दुबे |
| 2. हरिशंकर परसाई | (ख) नीरजा,नीहार,रश्मि |
| 3. संस्कृति तथा शिक्षा | (ग) सेवा सदन रंग भूमि |
| 4. चपला देवी | (घ) हँसते है रोते हैं। |
| 5. महादेवी वर्मा | (ड़) संवाद शैली, रिपोर्ताज |
| 6. हजारी प्रसाद द्विवेदी | (च) बाणभट्ट की आत्मकथा |

**प्रश्न (iv) एक वाक्य में उत्तर लिखिए—** **(01 अंकीय)**

1. पराकाष्ठा शब्द का क्या अर्थ है ?
2. बुरे समय के लिए पैसा बचाकर कौन रखता है ?
3. श्यामाचरण दुबे ने किस विश्वविद्यालयसे पी.एच.डी की उपाधि प्राप्त की ?
4. यह समूहों को मजबूत बनाता है वाक्य में विशेषण है।
5. नाना साहब ने भीषण हत्याकाण्ड कहाँ किया था?
6. लेखक किसके चेहरे की ओर देखता है?
7. साहित्यिक पुरखे किसे कहा गया है ?
8. महादेवी वर्मा किस गायिका के रूप में प्रसिद्ध है?
9. महादेवी वर्मा किस प्रदेश की विधान परिषद् की सदस्या थी?
10. हिन्दी का उपन्यास सम्राट किसे कहा जाता है ?
11. अमृतराय लिखित प्रेमचन्द की जीवनी का नाम क्या है ?
12. रिपोर्ताज किसे कहते है?
13. आलोचना में किसके गुण—दोषों की परख की जाती है?
14. किसी विशेष स्थल का यात्रा का सजीव वर्णन किस विधा में किया जाता है?
15. हिन्दी गद्य साहित्य का इतिहास कब से प्रारंभ हुआ है?
16. हिन्दी साहित्य के उपन्यास सम्राट कौन है?
17. प्राचीन काल में किस कला का अभाव था?
18. आधुनिक काल में किस साहित्य का विकास हुआ?
19. गद्यसाहित्य के अनेक रूप क्या कहलाए?

**प्रश्न (v) सत्य/असत्य लिखिए –** **(01 अंकीय)**

1. पगहे पतली रस्सी के थे ।
2. दोनों बैल एक माह तक कांजी हौस में बंधे रहे ।
3. झूरी काछी के पास दो घोड़े थे ।
4. प्रेमचन्द के जूते फटे थे ।
5. वर्तमान परिवेश के लोग प्रदर्शन प्रेमी है।
6. कहानी में किसी घटना, भाव संवेदना आदि की मार्मिक व्यंजना की जाती है।
7. उपन्यास में जीवन का विशद् चित्रण नहीं होता है।
8. एक अंक वाला दृश्य काव्य एकांकी कहलाता है।
9. गद्यकाव्य कवितापूर्ण गद्यरचना होती है जिसमें गहन भावानुभूति होती है।
10. आलोचना में रसानुभूति की बुद्धि प्रधान व्याख्या की जाती है।
11. नये दर्शन में उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा हैं।
12. पाठ के अनुसार पीज्जा और बर्गर को पौष्टिक आहार कहा गया हैं।
13. नाना साहब भारत में हुए प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेता थे।
14. मैना "हे" की दिंवगत पुत्री की घनिष्ठ सहेली थी।
15. लेखिका महादेवी वर्मा को अपनी माँ के साथ पूजा पाठ पर बैठकर संस्कृत सुनना अच्छा नहीं लगता था।
16. सुभद्रा कुमारी चौहान महादेवी वर्मा से बडी थी।
17. सुबह के समय गुरूदेव बगीचें में नहीं टहलते थे।
18. गुरूदेव ने मैना को दल से अलग लँगडाते हुए उछलते कूदते देखा।
19. कुछ दर्शनार्थी इतने वाचाल होते थे कि गुरूदेव परेशान हो जाते थे।
20. महादेवी वर्मा के घर में मीराबाई के पद गाए जाते थे, जो ब्रज भाषा में होते थे।

**प्रश्न (vi) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30–30 शब्दों में लिखिए –** **(02 अंकीय)**

1. गया ने बैलों को शरारत के लिए क्या सजा दी ?
2. 'नहीं । हमारी जाति का यह धर्म नहीं है।' कथन से हीरा का क्या आशय है ?
3. गया भागते बैलों को क्यों नहीं पकड़ पाया ?
4. कांजीहौस में पशुओं की हाजरी क्यों ली जाती थी ?
5. छोटी बच्ची को बैलों के प्रति प्रेम क्यों उमड़ आया ?
6. लेखक के अनुसार जीवन में सुख से क्या अभिप्राय है ?
7. उपभोक्तावादी संस्कृति के क्या दुष्परिणाम सामने आ रहे है ?
8. मैना जड़ पदार्थ को बेचना चाहती थी पर अंग्रेज उसे क्यों नष्ट करना चाहते थे ?
9. मैना की अंतिम इच्छा क्या थी ?
10. सर टॉमस हे के मैना पर दया भाव के क्या कारण रहे होंगे ?
11. लेखिका उर्दू फारसी क्यों नहीं सीख पाई।
12. लेखिक ने अपनी माँ के व्यक्तित्व के किस विशेषताओं का उल्लेख किया ।
13. जवार के नवाब के साथ अपने पारिवारिक संबंधों को लेखिका ने आज के संदर्भ में स्वप्न क्यों कहा ?
14. लेखक ने जूते फटे होने का क्या अनुमान लगाया था ?
15. गुरुदेव ने शांति निकेतन का छोड़ कही और रहने का मन क्यों बनाया ?

16. लेखक परसाई जी प्रेमचन्द को क्या सलाह दे रहे है?
17. लोग फोटो खिंचवाने के लिए क्या–क्या उधार माँग लेते है और क्यों?
18. लेखक ने प्रेमचन्द को किन किन उपाधियों से विभूषित किया है?
19. प्रेमचन्द की विडबंना क्या थी ?
20. श्री निकेतन में ऐसा कौन सा आकर्षण था जिसके कारण गुरुदेव ने वहां रहने का मन बनाया ?
21. दोनों बैल आपसी प्रेम किस प्रकार प्रकट करते थे ?
22. गया के घर हीरा और मोती ने स्वयं को अपमानित महसूस क्यों किया ?
23. दढ़ियल व्यक्ति को देखकर क्या सोचकर दोनों बैलों के दिल काँप उठे ?
24. गुरुदेव द्वारा मैना को लक्ष्य करके लिखी कविता के मर्म को लेखक कब समझ पाया ?
25. गद्य की विधाओं को कितने वर्गों को विभाजित किया गया है ?
26. नाटक, कहानी उपन्यास व एकांकी के तत्वों को लिखिए।
27. रिपोर्ताज से आप क्या समझते है?
28. निबन्ध की परिभाषा लिखते हुए किन्हीं दो निबन्धकारों के नाम लिखिए।
29. उपन्यास विद्या से आप क्या समझते हैं किन्हीं एक उपन्यास कार का नाम लिखिए।
30. कहानी विद्या का परिचय देते हुए किसी एक कहानीकार का नाम लिखिए।
31. कहानी एवं उपन्यास में कोई दो अंतर लिखिए।
32. एकांकी एवं नाटक में अंतर लिखिऐ (कोई दो)
33. जीवनी और आत्मकथा में अंतर लिखिए।
34. प्रेमचन्द जी की भाषा शैली की किन्हीं दो विशेषताओं को लिखिए।
35. हजारी प्रसाद द्विवेदी की भाषा शैली की किन्हीं दो विशेषताओं को लिखिए।
36. महादेवी वर्मा की भाषा शैली की किन्हीं दो विशेषताओं को लिखिए।
37. हरिशंकर परसाई की व्यंग्यात्मक शैली की किन्हीं दो विशेषताओं को लिखिए।

**प्रश्न (vii) निम्नलिखित गद्यांशों की सन्दर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए – (02 अंकीय)**

**गद्यांश–1**

''दोनों दिन–भर जोते–जाते, डण्डे खाते, अड़ते। शाम को थान पर बाँध दिए जाते और रात को वही बालिका उन्हें दो रोटियाँ खिला जाती। प्रेम के इस प्रसाद की बरकत थी कि दो–दो गाल सूखा भूसा खाकर भी दोनों दुर्बल न होते थे, मगर दोनों की आँखों में रोम–रोम में, विद्रोह भरा हुआ था।''

**गद्यांश–2**

संध्या समय दोनों बैल अपने नए स्थान पर पहुंचे। दिनभर के भूखे थे लेकिन जब नाँद में लगाए गए तो एक ने भी उसमें मुँह न डाला। दिल भारी हो रहा था, जिसे उन्होंने अपना घर समझ रखा था, वह आज उनसे छूट गया था। नया घर, नया गाँव, नए आदमी, उन्हें बेगाने से लगते थे।

**गद्यांश–3**

अंततः इस संस्कृति के फैलाव का परिणाम क्या होगा। यह चिंता का विषय है। हमारे सीमित संसाधनों का घोर अपव्यय हो रहा है। जीवन की गुणवत्ता आलू के चिप्स से नहीं सुधरती। न बहुविज्ञप्ति शीतल पेयों से।

**<u>गद्यांश–4</u>**

''मुझे लगता है, तुम किसी सख्त चीज को ठोकर मारते रहे हो। कोई चीज जो परत–पर–परत सदियों से जम गई है, उससे शायद तुमने ठोकर मार–मारकर अपना जूता फाड़ लिया। कोई टीला जो रास्ते पर खड़ा हो गया था, उस पर तुमने अपना जूता आजमाया।

**<u>गद्यांश–5</u>**

'' तुम समझौता नहीं कर सके ! क्या तुम्हारी भी वही कमजोरी थी, जो होरी को ले डूबी, वही 'नेम–धरम' वाली कमजोरी ! 'नेम–धरम' उसकी भी जंजीर थी। मगर तुम जिस तरह मुस्कुरा रहे हो, उससे लगता है शायद 'नेम–धरम' तुम्हारा बंधन नहीं था, तुम्हारी मुक्ति थी।

**<u>गद्यांश–6</u>**

लन्दन के मंत्रीमंडल का यह मत है कि नाना का स्मृति चिह्न तक मिटा दिया जाए। इसलिए वहाँ की आज्ञा के बिना कुछ नहीं हो सकता। उस क्षण क्रूर जनरल अउटरम की आज्ञा से नाना साहब के सुविशाल राजमंदिर पर तोप के गोले बरसने लगे। घंटे भर में वह महल मिट्टी में मिला दिया गया।

**<u>गद्यांश –7</u>**

बाबा कहते थे इसको हम विदुषी बनाएंगे। मेरे संबंध में उनका विचार बहुत ऊँचा रहा। इसलिए पंचतंत्र भी पढ़ा मैंने, संस्कृत भी पढ़ी मैंने। ये अवश्य चाहते थे कि मैं उर्दू–फारसी सीख लूं, लेकिन वह मेरे वश की नहीं थी। मैंने जब एक मौलवी साहब को देखा तो बस दूसरे दिन मैं चारपाई के नीचे जा छिपी।

**<u>गद्यांश –8</u>**

बचपन की स्मृतियों में एक विचित्र–सा आकर्षण होता है। कभी–कभी लगता है जैसे सपने मैं सब देखा होगा। परिस्थितियां बहुत बदल जाती है। अपने परिवार में मैं कई पीढ़ियों के बाद उत्पन्न हुई । मेरे परिवार में प्रायः दो सौ वर्षों तक कोई लड़की थी ही नहीं। सुना है, उसके पहले लड़कियों को पैदा होते ही परमधाम भेज देते थे।

**<u>गद्यांश –9</u>**

मैं जब कविता पढ़ता हूँ तब मेरे सामने श्रीनिकेतन के तितल्ले पर की वह घटना प्रत्यक्ष–सी हो जाती है। वह आँख मूँदकर अपरिसीम आनन्द, वह मूक हृदय का प्राणपण आत्मनिवेदन मूर्तिमान हो जाता है। उस दिन मेरे लिए वह छोटी–सी घटना थी, आज वह विश्व की अनेक महिमशाली घटनाओं में बैठ गई।

**<u>गद्यांश –10</u>**

मैंने तब तक कौओं को सर्वव्यापक पक्षी समझ रखा था। अचानक उस दिन मालूम हुआ कि ये भले आदमी भी कभी–कभी प्रवास पर चले जाते हैं या चले जाने को बाध्य होते हैं। एक लेखक ने कौओं की आधुनिक साहित्यकारों से उपमा दी है, क्योंकि इनका मोटो है, "मिसचिफ् फॉर मिसचिफ् सेक" (शरारत के लिए ही शरारत)

## इकाई–4

### परीक्षा में अधिभार

| क्र. | पाठयक्रमानुसार इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित कुल अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | |
| 01 | संधि परिचय एवं प्रकार, निपात शब्द, रचना के आधार पर वाक्य के भेद, मुहावरे, क्रिया –विशेषण, वर्तनी, विलोम शब्द, उपसर्ग व प्रत्यय (ब्रिजकोर्स 1 अंक का प्रश्न), सामासिक पद, क्रिया के भेद, शब्द युग्म, तत्सम शब्द, आंचलिक शब्द, विज्ञापन लेखन। | 11 | 06 | 01 | 01 | – | 02 |

### महत्वपूर्ण बिन्दु

- निर्धारित इकाई से 1–1 अंक के 6 प्रश्न, 2 अंक का 1 प्रश्न तथा 3 अंक का 1 प्रश्न परीक्षा में पूछा जाएगा।

## इकाई–4

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न (i) सही विकल्प चुनकर लिखिए –** **(01 अंकीय)**

1. शब्द के अंत में जुड़कर उसका अर्थ परिवर्तित करने वाले शब्दांश कहलाते हैं–

**क.** देशज **ग.** उपसर्ग
**ख.** प्रत्यय **घ.** यौगिक

2. वर्णों के सार्थक योग को कहते हैं–

**क.** वर्ण **ग.** शब्द
**ख.** प्रत्यय **घ.** निपात

3. जो पढ़ा–लिखा न हो, उसे कहते हैं–

**क.** पढ़ाकू **ग.** वाचाल
**ख.** अनपढ़ **घ.** बुद्धिमान

4. 'मुँह की खाना' का अर्थ है –

**क.** हार मानना **ग.** घूमना
**ख.** घर जाना **घ.** भागना

5. 'कमल' का पर्यायवाची है–

**क.** पंकज **ग.** बादल
**ख.** तत्सम **घ.** फूल

**प्रश्न (ii) रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए –** **(01 अंकीय)**

1. आचार के पूर्व 'अति' उपसर्ग जोड़कर बनेगा ............। (अत्याचार/सदाचार)
2. 'कमाई' में प्रत्यय ......... है। (आई/लाई)
3. सदाचार का विलोम है ..............। (आचार/दुराचार)
4. जो अधिक बोलता है उसे ............. कहते हैं। (वाचाल/चालाक)
5. अन्य भाषाओं के सम्पर्क के कारण हिन्दी में आने वाले शब्द ............ कहलाते हैं। (विदेशी शब्द/देशी शब्द)

**प्रश्न (iii) सही जोड़ी बनाकर लिखिए –** **(01 अंकीय)**

| (अ) | | (ब) |
|---|---|---|
| 1. अनु तथा भाव के योग से बनेगा | (क) | गाँव |
| 2. इन्द्र का पर्यायवाची | (ख) | धरा |
| 3. ग्राम का तद्भव शब्द है | (ग) | परास्त करना |
| 4. दाँत खट्टे करना का अर्थ है | (घ) | अनुभाव |
| 5. भूमि | (ङ) | सुरपति |

**प्रश्न (iv) एक वाक्य में उत्तर लिखिए –** **(01 अंकीय)**

1. उपसर्ग शब्द में कहाँ जुड़ता है।
2. प्रत्यय शब्द में कहाँ जुड़ता है।
3. विलोम शब्द का अर्थ क्या है ।
4. रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद हैं ।
5. ही, भी और तक किस प्रकार के शब्द हैं।

**प्रश्न (v) सत्य/असत्य लिखिए –** **(01 अंकीय)**

1. शब्द के आगे जुड़ने वाले शब्दांश उपसर्ग कहलाते हैं।
2. उत्थान' का विलोम 'उन्नति' शब्द है।
3. मोटाई शब्द में 'ई' प्रत्यय जुड़ा है।
4. 'छक्के छुड़ाना' मुहावरे का अर्थ है – हरा देना।
5. किरण शब्द का पर्यायवाची रश्मि है।

**प्रश्न (vi) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30–30 शब्दों में लिखिए–** **(02 अंकीय)**

1. संधि की परिभाषा एवं प्रकार लिखिए।
2. निपात शब्द से क्या आशय है? उदाहरण सहित लिखिए।
3. मुहावरा क्या है ? परिभाषा एवं उदाहरण सहित लिखिए।
4. विज्ञापन लेखन की दो विशेषताएं लिखिए।
5. उपसर्ग एवं प्रत्यय में अन्तर लिखिए।

**प्रश्न (vii) निम्नलिखित प्रश्नों के 75–75 शब्दों में उत्तर लिखिए –** **(03 अंकीय)**

1. संधि की परिभाषा लिखते हुए गुणसंधि एवं वृद्धिसंधि में अंतर लिखिए।
2. तत्सम् एवं तद्भव शब्दों में अंतर लिखिए।
3. आंचलिक शब्दों से क्या अभिप्रायः है। उदाहरण सहित लिखिए।
4. रचना के आधार पर वाक्य के भेद उदाहरण सहित लिखिए।
5. अकमर्क एवं सकमर्क क्रिया में अंतर लिखिए।
6. संधि एवं समास में अंतर लिखिए।
7. विज्ञापन लेखन का सही तरीका क्या है ? स्पष्ट कीजिए।

## इकाई–5

### परीक्षा में अधिभार

| क. | पाठयक्रमानुसार इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित कुल अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | |
| 01 | कृतिका भाग 1 पूरक पाठय पुस्तक से विविध पाठों पर आधारित प्रश्न आंचलिक भाषा के पाठों से प्रश्न | 08 | 06 | 01 | – | – | 01 |

**महत्वपूर्ण बिन्दु**

- निर्धारित इकाई से 1–1 अंक के 6 प्रश्न तथा 2 अंक का 1 प्रश्न परीक्षा में पूछा जाएगा।

**कृतिका भाग 1 से 'इस जल प्रलय में' पाठ से परीक्षा में कोई प्रश्न नही पूछा जाएगा ।**

## इकाई–5

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न –**

### कृतिका – भाग –1

**प्रश्न (i) सही विकल्प चुनकर लिखिए –** **(01 अंकीय)**

1. लेखिका ने अपनी नानी को क्यों नहीं देखा?

**क**. नानी घर छोडकर चली गई थी ।
**ख**. नानी मायके चली गई थी
**ग**. स्वर्ग चली गयी थी।
**घ**. लेखिका को दिखाई नहीं देता था

2. चोर किसके कमरे में धुस गया ?

**क**. लेखिका के
**ख**. लेखिका के माँ के
**ग**. लेखिका की दादी के
**घ**. किसी के नही

3. एंकाकी में उमा पात्र की माँ का नाम है–

**क**. आभा
**ख**. दया
**ग**. शोभा
**घ**. प्रेमा

4. शंकर शारीरिक रूप से विकृत होने के कारण –

**क**. ढीक से चल नही सकता
**ख**. ढीक से लेट नही सकता
**ग**. ढीक से बैठ नहीं सकता
**घ**. उपरोक्त सभी

5. माटी वाली को शहर से अपने गाँव पहुचने में समय लगता था–

क. तीन घण्टे

ग. एक घण्टा

ख. दो घण्टे

घ. आधा घण्टा

6. वृद्वा को किस धातु के गिलास देखकर आश्चर्य हुआ ?

क. पीपल

ग. चाँदी

ख. ताँबा

घ. लोहा

7. लेखक ने कला का प्रशिक्षण प्राप्त किया –

क. नरोत्तम प्रसाद से

ग. उकील बन्धुओं से

ख. हकीम कुरैशी से

घ. उपरोक्त में से कोई नही

8. लेखक ने जब दिल्ली के लिए पलायन किया उस समय उनके पास थे –

क. रू. 550

ग. रू. 100

ख. रू. 1000

घ. 5–7

**प्रश्न (ii) रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए –** **(01 अंकीय)**

1. मेरे नाना पक्के ....................माने जाते । (साहब/अंग्रेज)
2. वे ...................... से कम जादुई नहीं मालूम पड़ती थी। (स्त्रीजात/पारिजात)
3. नाना शादी के तुरंत बाद उन्हें छोड़कर ............पढ़ने विलायत चले गए थे। (डॉक्टरी/बैरिस्टरी)
4. नानी के मन में ........... की आजादी के प्रति जुनून था। (देश/स्वयं)
5. तीसरे नम्बर पर ............... है। (चित्रा/रेणु)
6. उर्दू शब्द 'तालीम' का अर्थ .......... है। (शिक्षा/अशिक्षां)
7. रीढ़ की हड्डी' नामक एकांकी में कुल ....... पात्र हैं। (चार/छः)
8. 'माटीवाली' पाठ के लेखक .................. हैं । (मृदुला गर्ग/विद्यासागर नौटियालं)
9. जटिल शब्द 'भाँडे' का अर्थ .................. है।(बर्तन/झाड़ूं)
10. 'माटीवाली' नामक कहानी का प्रारंभिक शब्द ................ हैं।(शमशान/शहर ं)
11. नानी के मन में देश की आजादी के प्रति ............ जुनून था। (जुनून/डर)
12. लेखिका की नानी .................... थी। (ममतामयी/करूणामयी)
13. शमशेर बहुादर सिंह लेखक की पत्नी ...........रोग से ग्रसित थी।

**प्रश्न (iii) सही जोड़ी बनाकर लिखिए –** **(01 अंकीय)**

1

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मृदुला गर्ग का जन्म | (क) विद्यासागर नौटियाल |
| 2. | जगदीश चन्द्र माथुर का जन्म | (ख) वाराणसी |
| 3. | माटीवाली के लेखक | (ग) सन् 1917 |
| 4. | विद्यासागर नौटियाल का शिक्षा | (घ) कोलकाता |
| 5. | शमशेर बहादुर सिंह | (ड़) शमशेर बहादु सिंह का जन्म स्थान है। |
| 6. | देहरादून | (च) सहपाठी नरेन्द्र शर्मा |

2

| | | |
|---|---|---|
| 1. | भूख मीठी की | (क) मृदुला गर्ग |
| 2. | लेखिका | (ख) कहानी |
| 3. | माटीवाली | (ग) भोजन मीठी |
| 4. | घर का नौकर | (घ) बागल कोट |
| 5. | कर्नाटक का छोटा कस्बा | (ङ) श्री जगदीश चन्द्र माथुर |
| 6. | रीढ़ की हड्डी | (च) रतन |

**प्रश्न (iv) एक वाक्य में उत्तर लिखिए –** **(01 अंकीय)**

1. लेखिका ने अपनी नानी को क्यों नहीं देखा ?
2. रीढ़ की हड्डी एंकाकी के रचनाकार का नाम लिखिए ।
3. आपकी पाठ्यपुस्तक 'कृतिका' में विद्यासागर नौटियाल द्वारा लिखित रचना का नाम बताइए ।
4. माटीवाली, माटी कहाँ से लाती थी ?
5. 'माटीवाली' नामक रचना की विधा बताइए ।
6. माटीवाली किस प्रकार की मिट्टी लेकर आती थी ?
7. माटी से प्राप्त आमदनी से माटीवालीने क्या खरीदा ?
8. लेखिका के नाना पढ़ाई करने कहाँ गए थे ?
9. मृदंला गर्ग ने स्नातकोत्तर की उपाधि किस विषय में प्राप्त की?
10. शादी के बाद लेखिका कहाँ पर रहने लगी?
11. स्त्री शिक्षा को लकर समाज सदैव से कितने खेमों में बटा रहा है ।
12. गोपालदास विवाह की परित्रता को न समझकर इस किस रूप में देखते है।
13. वृद्ध कपड़े में क्या छिपा लेती है?
14. पन्त जी के सहयोग से लेखक को क्या कार्य प्राप्त हुआ ?
15. शमशेर बहादुर को 'दो आव' 'प्लाट का मोर्चा ' जैसी रचनाओं के कारण क्या माना जाता है?

**प्रश्न (v) सत्य/असत्य लिखिए –** **(01 अंकीय)**

1. लेखिका ने अपनी नानी से अनेक कहानियाँ सुनी थी।
2. लेखिका की नानी झगड़ालू औरत थी?
3. नानी के मन में देश की आजादी के प्रति जुनून था।
4. रामस्वरूप 'दकियानूसी ख्यालातों' के थे ?
5. माटीवाली बुढ़िया नाटे कद की थी।
6. 'माटीवाली' नामक रचना की विधा बताइए ।
7. रीढ की हड्डी एकाकी में वर व वधू पक्षों की विविध समस्याओं को उजागर करता है ।
8. उमा के व्यक्त्वि में साहस की कमी है।
9. स्त्री शिक्षा के लिए स्वंय स्त्रियाँ भी जिम्मेदार रही है
10. टिहरी बाँध की सुरगों के बन्द होने से शहर में भर गया था।
11. अत्यधिक भूख होने पर भोजन की मिठास नहीं देखी जाती।

**प्रश्न (vi) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30—30 शब्दों में लिखिए —** **(02 अंकीय)**

1. लेखिका अपनी नानी के व्यक्तित्व से क्यों प्रभावित थी ?
2. मृदुला गर्ग (लेखिका) की नानी आजादी के आंदोलन में किस प्रकार भागीदारी रही।
3. 'शिक्षा बच्चों का जन्मसिद्व अधिकार है:— इस दिशा में लेखिका के प्रयासों उल्लेख कीजिए।
4. 'मेरे संग की औरंते ' पाठ के आधार पर लिखिए कि जीवन में कैसे इंसानों को अधिक श्रद्वा भाव से देखा जाता है?
5. रीढ़ की हड्डी एंकाकी का क्या उद्देश्य है ?
6. रीढ़ की हड्डी शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।
7. समाज में महिलाओं को उचित गरिमा दिलाने हेतु आप कौन—कौन से प्रयास कर सकते हैं ?
8. माटी वाली के पास अपने अच्छे या बुरे भाग्य के बारे में ज्यादा सोचने का समय क्यों नही था?
9. भूख मीठी कि भोजन मीठा' से क्या अभिप्राय हैं?
10. माटी वाली का रोटियों का इस तरह हिसाब लगाना उसकी किस मजबूरी को प्रकट करता है ?
11. गरीब आदमी का श्मशान नहीं उजड़ना चाहिए। कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।
12. वह कौन सी बात थी जिसमें लेखक हरिवंशराय बच्चन को दिल्ली जाने के लिए बाध्य कर दिया ?
13. लेखक हरिवंशराय बच्चन को कविता लिखने का अफसोस क्यों रहा होगा ?

## इकाई —06

| क्र. | पाठयक्रमानुसार इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित कुल अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | |
| 01 | अपठित बोध अपठित काव्यांश / अपठित गद्यांश | 03 | — | — | 01 | — | 01 |

**महत्वपूर्ण बिन्दु**

- निर्धारित इकाई से 3 अंक का 1 प्रश्न परीक्षा में पूछा जाएगा।

**प्रश्न—1 (अ) निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए —** **(03 अंकीय)**

**<u>गद्यांश — 01</u>**

अगर मनुष्य में कर्त्तव्यबोध नहीं है तो वह उच्च पद प्राप्त करके भी समाज के सापेक्ष असफल ही कहा जाएगा। उच्च शिक्षा व योग्यता तभी उपयोगी है, जब व्यक्ति समाज व राष्ट्र के हित में उसका उपयोग करें। कर्त्तव्य बोध की भावना से परिपूर्ण व्यक्ति ही अपने उत्तरदायित्वों के निर्वहन में खरे उतरते हैं। सचमुच में ऐसे व्यक्ति ही सही अर्थ में राष्ट्र—सेवक होते हैं। एक शिक्षक कितना ही विद्वान क्यों न हो अगर उसमे अपने विद्यार्थियोंके प्रति कर्तव्य—बोध न हो तो वह कभी भी राष्ट्र—निर्माता नहीं हो सकता।

**प्रश्न—**

अ. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।
ब. उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।
स. उच्च शिक्षा व योग्यता कब उपयोगी है?

**<u>गद्यांश – 02</u>**

स्वस्थ शरीर के साथ ही स्वस्थ मनोरंजन भी मनुष्य के लिए आवश्यक है। खेल ऐसी क्रिया है जिससे न केवल शरीर का विकास होता है अपितु मनोरंजन भी प्राप्त होता है। यही कारण है कि सभ्यता के आदिकाल से ही मानव समाज में खेलों का प्रचलन रहा है। आज से पचास हजार वर्ष पूर्व की मानव सभ्यता को दर्शाने वाले भित्ति–चित्र प्राचीन गुफाओं में देखने को मिलते हैं। भारतीय खेलों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इन्हें बिना किसी खर्च के खेला जा सकता है। इन खेलों में कबड्डी, खो–खो आदि प्रसिद्ध है। प्रसन्नता की बात है कि कबड्डी व खो–खो को अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता प्राप्त हो गई है।

**प्रश्न –**

अ. उपर्युक्त गद्यांश का उपर्युक्त शीर्षक लिखिए।
ब. भारतीय खेलों की सबसे बड़ी विशेषता क्या है?
स. उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

**<u>गद्यांश – 03</u>**

एकल परिवारों के चलन से मित्रता का महत्व और अधिक बढ़ा है। संयुक्त परिवारों के अभाव में विपरीत परिस्थितियाँ मित्रता की माँग करती हैं। चूंकि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, अतः उसके सामाजिक विकास में मित्र की अहम् भूमिका रहती है। परिचित तो बहुत होते हैं, पर मित्र बहुत कम हो पाते हैं, क्योंकि मैत्री एक ऐसा भाव जिसमें प्रेम के साथ समर्पण और त्याग की भावना मुख्य होती है। मैत्री में सबसे आवश्यक है–परस्पर विश्वास।

**प्रश्न–**

अ. उपर्युक्त गद्यांश का उपर्युक्त शीर्षक लिखिए।
ब. मित्रता का महत्व अब क्यों बढ़ गया है?
स. उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

**गद्यांश – 04**

विद्यार्थियों में अनुशासनहीनता की कथित समस्या का समाधान एक ही प्रकार से हो सकता है कि उन्हें जीवन की जिम्मेदारियों का अनुभव कराया जाए। अनुशासनहीनता से होने वाली हानियों एवं राष्ट्रीय क्षति से उन्हें परिचित कराया जाए। विद्यालयकी जिम्मेदारियों को पूरा करने में उसे सहभागी बनाया जाए। अनुशासन, अध्ययन एवं आदर्श नागरिकता के गुणों का इनमें विकास किया जाए, तो कोई कारण नहीं विद्यार्थियों में असंतोष भड़के। आज का विद्यार्थी देश की वर्तमान स्थिति एवं समस्याओं से अप्रभावित नहीं रह सकता। विद्यार्थियों को बदलती हुई परिस्थियों से परिचित कराते हुए उनमें चरित्र निर्माण के लिए उदारता, त्याग, सेवा, विनय आदि गुणों से विभूषित किया जाये तो अनुशासनहीनता की समस्या का स्वतः समाधान हो जाएगा।

**प्रश्न**

अ. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।
ब. विद्यार्थियों में अनुशासनहीनता दूर करने का उपाय लिखिए।
स. उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

**प्रश्न–1 (ब) निम्नलिखित अपठित काव्यांशों को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (03 अंकीय)**

**क.** पायोजी मैंने राम रतन धन पायो।
वस्तु अमोलक दी मेरे सतगुरु, करि कृपा अपनायौ।
जनम जनम की पूँजी पाई, जग में सबै खोयायौ।
खरचे नहिं कोई चोर न लेवे, दिन दिन बढ़त सवायौ।
सत की नाव के खेवटिया सतगुरु, भवसागर तरि आयौ।
मीरा के प्रभु गिरिधर नागर, हरखि–हरखि जस गायौ।

**प्रश्न –**

i. उपर्युक्त काव्यांश का शीर्षक लिखिए।
ii. मीरा ने कौन–सा धन प्राप्त कर लिया है ?
iii. उपर्युक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए।

**ख.** काम को आरंभ करके यों नहीं जो छोड़ते।
सामना करके नहीं जो भूल कर मुँह मोड़ते।।
जो गगन के फूल बातों से नहीं है तोड़ते।
संपदा मन से करोड़ों की नहीं जो जोड़ते।।
बन गया हीरा उन्हीं के हाथ से है कारबन।
काँच को करके दिखा देते हैं वह उज्जवल रतन।।

**प्रश्न –**

i. उपर्युक्त काव्यांश का शीर्षक लिखिए।
ii. कार्बन को हीरा बनाने की क्षमता किसमें होती है ?
iii. उपर्युक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए।

**ग.** पर्वतों को काटकर सड़कें बना देते हैं वे।
सैकड़ों मरुभूमि में नदियाँ बहा देते हैं वे।।
गर्भ में जल राशि के बेड़ा चला देते हैं वे।
जंगलों में भी महा मंगल रचा देते है वे।।
भेद नभ–तल का उन्होंने है बहुत बतला दिया।
है उन्होंने ही निकाली तार की सारी क्रिया।।

**प्रश्न –**

i. उपर्युक्त काव्यांश का शीर्षक लिखिए।
ii. पर्वतों को काटकर सड़के बनाने की कला कौन जानता है ?
iii. उपर्युक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए।

**घ.** मनमोहिनी प्रकृति के जो गोद में बसा है,
सुख स्वर्ग सा जहाँ है,वह देश कौन सा है ?
जिसका चरण निरंतर रत्नेश धो रहा है,
जिसका मुकुट हिमालय, वह देश कौन सा है ?

**प्रश्न –**

i. उपर्युक्त काव्यांश का शीर्षक लिखिए।
ii. उपर्युक्त पंक्तियों में किस देश की बात हो रही है ?
iii. उपर्युक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए।

**ङ.** जो मेरी प्यास समझ पाता,
वह बादल अभी नहीं आया।
मुरझाई धरती हरी हुई,

रीती गागरिया भरी हुई,
अम्बर पर बौराई बदली,
झूले पर लहराई कजली,
जो मेरे मन पर लहराता,
वह गीत अभी तक अनगाया।

**प्रश्न –**

i. उपर्युक्त काव्यांश का शीर्षक लिखिए।
ii. "अनगाया " शब्दों का अर्थ क्या है ?
iii. उपर्युक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए।

## इकाई–7

**परीक्षा में अधिभार**

| क. | पाठयक्रमानुसार इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित कुल अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | |
| 01 | पत्र लेखन औपचारिक पत्र / अनौपचारिक पत्र (ब्रिजकोर्स) | 04 | – | – | – | 01 | 01 |

**महत्वपूर्ण बिन्दु**

- निर्धारित इकाई से 4 अंक का 1 प्रश्न परीक्षा में पूछा जाएगा।

## पत्र लेखन (ब्रिजकोर्स)

**(4 अंकीय)**

**प्रश्न 1** — पत्र कितने प्रकार के होते हैं ? लिखिए।
**प्रश्न 2** – औपचारिक पत्र किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित परिभाषा लिखिए।
**प्रश्न 3** – अपने विद्यालय के प्राचार्य महोदय को स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र हेतु एक प्रार्थना–पत्र लिखिए।
**प्रश्न 4** – अपने विद्यालय के प्राचार्य महोदय को तीन दिन के अवकाश हेतु एक प्रार्थना–पत्र लिखिए।
**प्रश्न 5 –** अपने प्राचार्य महोदय को शाला शुल्क–मुक्ति हेतु एक प्रार्थना–पत्र लिखिए।
**प्रश्न 6** – अनौपचारिक पत्र किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए।
**प्रश्न 7** – अपने मित्र के जन्म दिन पर उसे बधाई–पत्र लिखिए।
**प्रश्न 8** – वार्षिक परीक्षा की तैयारी के संबंध में अपने पिता जी को पत्र लिखिए।
**प्रश्न 9** – पिताजी को एक पत्र लिखकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त कीजिए।

## इकाई–8

### परीक्षा में अधिभार

| क. | पाठयक्रमानुसार इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित कुल अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | |
| 01 | निबन्ध लेखन किसी एक विषय पर, किसी एक शीर्षक पर अनुच्छेद लेखन (ब्रिजकोर्स)/संवाद लेखन | 07 | — | — | 01 | 01 | 02 |

**महत्वपूर्ण बिन्दु**

- निर्धारित इकाई से 3 अंक का 1 प्रश्न तथा 4 अंक का 1 प्रश्न परीक्षा में पूछा जाएगा।

## निबंध लेखन, अनुच्छेद लेखन (ब्रिजकोर्स) व संवाद लेखन

**निबंध लेखन :–**

**प्रश्न i –निम्नलिखित विषयों पर 120 शब्दों में निबन्ध लिखिए– (4 अंकीय)**

1. साहित्य और समाज
2. विज्ञान के चमत्कार
3. राष्ट्रीय पर्व
4. समाचार पत्रों का महत्व
5. विद्यार्थी जीवन
6. राष्ट्रीय पर्व
7. पुस्तकालय का महत्व
8. जल ही जीवन है
9. पुस्तकालय का महत्व
10. कोविड–19

**प्रश्न –ii (अ) निम्नलिखित विषयों पर अनुच्छेद लिखिए –**

1. विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर एक अनुच्छेद लिखिए ?
2. विस्थापन की समस्या' पर अनुच्छेद लिखिए।
3. दीवाली,मिठाई,दिया,मेहमान,खुशी,आशीर्वाद,अद्भुत आदि शब्दों से मिलाकर एक अनुच्छेद तैयार कीजिए। (ब्रिजकार्स आधारित)
4. जल संरक्षण पर अनुच्छेद लिखिए।
5. अपने परिवार के सदस्यों के बीच आत्मीय प्रेम पर अनुच्छेद लिखिए।

**(ब) संवाद लेखन**

1. अपनी माता से जन्मदिन की तैयारी के लिए किया गया संवाद (बातचीत) लिखिए।
2. मासिक टेस्ट को लेकर अपने कक्षा अध्यापक से की गई बातचीत लिखिए।
3. पिताजी से वार्षिक परीक्षा की तैयारी पर संवाद लिखिए।
4. कक्षा में अपने प्रिय मित्र से पढ़ाई से सम्बधित संवाद (बातचीत) लिखिए।

# उत्तरमाला :–

## इकाई – 1

### i. सही विकल्प –

1. सन् 993 से सन् 1318 तक
2. कृष्ण भक्ति शाखा
3. वीरगाथा काल
4. पृथ्वीराज रासो
5. जायसी
6. दादू
7. सधुक्कड़
8. रामचरित मानस
9. कबीर ने
10. संत काव्य धारा के
11. चार
12. रामधारी सिंह दिनकर
13. सन् 1953
14. ब्रजभाषा में
15. 120 वर्ष
16. कोयल की
17. सुमित्रानंदन पंत
18. कृषि पर
19. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
20. संस्कृत के शब्दों की

### ii. रिक्त स्थान –

1. भक्तिकाल
2. वीरगाथा कालीन
3. 1318
4. कबीरदास
5. पद्मावत
6. सूरदास
7. प्रेममार्गी
8. कार्ल मार्क्स
9. अलंकारों की प्रधानता
10. अनुभव प्रधान
11. प्रेमी
12. ब्रज गोकुल
13. गुलाम
14. छिपाएँ
15. नव विवाहित

### iii. सही जोड़ी –

**1**

1. तुलसीदास
2. मीराबाई
3. जायसी
4. बाहय आडम्बरों का विरोध
5. वल्लभाचार्य

**2**

1. प्रकृति का मानवीकरण
2. नागार्जुन
3. 1953 से अब तक
4. भारतेन्दु युग
5. छायावाद के समकक्ष

**3**

1. साखी
2. रसखान
3. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
4. हिम तरंगिणी
5. वीणा, पल्लव

## iv. एक वाक्य में उत्तर –

1. कृष्ण की
2. तुलसीदास
3. कबीरदास
4. दो
5. भक्ति की भावना की प्रधानता
6. प्रबंध काव्य शैली
7. सुमित्रानन्दन पंत, महादेवी वर्मा, सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला, जयशंकर प्रसाद
8. सुमित्रानन्दन पंत
9. सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला
10. क्षण का महत्व, शिल्पगत नवीनता, बौद्धिकता
11. मगहर
12. आँधी
13. यमक
14. कृष्ण
15. संघर्ष को
16. महात्मा
17. गांधी
18. मेद्य
19. हवा

## v. सत्य/असत्य –

1. असत्य
2. सत्य
3. असत्य
4. असत्य
5. असत्य
6. सत्य
7. असत्य
8. सत्य
9. सत्य
10. सत्य
11. सत्य
12. असत्य
13. सत्य
14. सत्य
15. असत्य
16. सत्य
17. सत्य
18. असत्य

# इकाई – 2

## i. सही विकल्प –

1. यमक
2. उपमा
3. श्लेष
4. अलंकार
5. अनुप्रास
6. दो
7. तीन
8. आचार्य विश्वनाथ
9. भरतमुनि
10. चार

## ii. रिक्त स्थान –

1. वृद्धि
2. रुपक
3. गहना
4. नौ
5. सम्पूर्ण
6. जीवन का एक अंश
7. खंड काव्य
8. चौपाई छन्द
9. दो
10. वियोग श्रृंगार रस
11. वीभत्स रस
12. शब्दालंकार
13. महाकाव्य
14. मात्राओं की
15. दृश्य

**iii. सही जोड़ी –**

**1.**
1. आचार्य विश्वनाथ
2. कामायनी
3. खंड काव्य
4. पूर्वापर संबंध
5. मात्रिक छन्द
6. महाकाव्य

**2.**
1. अलंकार
2. चिपका हुआ
3. दो
4. आभूषण
5. वर्णों की गणना
6. काव्य

**3.**
1. आठ
2. दो
3. गण कहते हैं
4. आठ सर्ग
5. अभिव्यक्ति है
6. दो

**iv. एक वाक्य में उत्तर –**
1. विस्तृत
2. रामचरितमानस
3. पंचवटी,जयद्रथ वध आदि
4. दो
5. तीन भेद
6. दो–गेय मुक्तक व पाठ्य मुक्तक
7. रूपक अलंकार
8. चार अंक
9. रस
10. रति

**v. सत्य/असत्य –**
1. सत्य
2. सत्य
3. असत्य
4. असत्य
5. असत्य
6. असत्य
7. सत्य
8. सत्य
9. सत्य
10. सत्य
11. असत्य
12. असत्य
13. सत्य
14. सत्य
15. सत्य

## इकाई – 3

**i. सही विकल्प –**
1. गधा
2. गधे में
3. हठी
4. अभिव्यक्ति है
5. एक
6. फ्रांसीसी
7. यह अनुकरण की संस्कृति है
8. अउटरम
9. चेहरे में मुस्कान लाने का
10. हिन्दु मुस्लिम एकता
11. सिर पर चढ़ाया था

**ii. रिक्त स्थान –**
1. बनारस
2. बैल
3. ऊँचा
4. प्रेमचन्द
5. फोटो
6. यथार्थवादी
7. आसानी
8. नाटक
9. एक अंक
10. सांस्कृतिक
11. दूरी
12. साहस पूर्वक
13. प्रामाद
14. कीमती
15. पत्नी
16. उई
17. विदुषी
18. निःस्वार्थ प्रेम
19. करुण
20. प्राणपद

**iii. सही जोड़ी –**

**1.**

1. गधा
2. मेरी
3. गया
4. प्रेमचन्द के फटे जूते पर
5. मैना

**2.**

1. सेवासदन, रंगभूमि
2. हँसते हैं, रोते हैं
3. श्यामाचरण दुबे
4. संवाद शैली, रिपोर्ताज
5. नीरजा नीहार, रश्मि
6. बाणभट्ट की आत्मकथा

**iv. एक वाक्य में उत्तर –**

1. सर्वोच्च सीमा
2. भारतीय
3. नागपुर विश्वविद्यालय
4. मजबूत
5. कानपुर
6. प्रेमचन्द
7. विशेषण
8. वेदना और पीड़ा की
9. उत्तर प्रदेश की
10. मुंशी प्रेमचन्द है
11. कलम का सिपाही
12. रिपोर्ट के कलात्मक और साहित्यिक रूप को ही रिपोर्ताज कहते हैं
13. लेखक की रचना के
14. यात्रा वृत्तांत
15. भारतेन्दु युग 1850 से
16. मुंशीप्रेमचन्द
17. मुद्रण कला
18. गद्य साहित्य
19. विधाएँ

**v. सत्य/असत्य –**

1. असत्य
2. असत्य
3. असत्य
4. सत्य
5. सत्य
6. सत्य
7. असत्य
8. सत्य
9. सत्य
10. सत्य
11. सत्य
12. सत्य
13. सत्य
14. सत्य
15. असत्य
16. सत्य
17. असत्य
18. सत्य
19. सत्य
20. सत्य

# इकाई – 4

## i. सही विकल्प –

1. प्रत्यय
2. शब्द
3. अनपढ़
4. हार मानना
5. पंकज

## ii. रिक्त स्थान –

1. अत्याचार
2. आई
3. दुराचार
4. वाचाल
5. विदेशी शब्द

## iii. सही जोड़ी –

1. अनुभाव
2. सुरपति
3. गाँव
4. परास्त करना
5. धरा

## iv. एक वाक्य में उत्तर –

1. शब्द के आरंभ में
2. शब्द के अन्त में
3. विपरीत/उल्टा अथवा विरोधी
4. तीन
5. निपात शब्द

## v. सत्य/असत्य –

1. सत्य
2. असत्य
3. असत्य
4. सत्य
5. सत्य

# <u>इकाई – 5</u>

## i. सही विकल्प –

1. स्वर्ग चली गई थी
2. लेखिका की दादी के
3. प्रेमा
4. ठीक से बैठ नहीं पाता था
5. एक घंटा
6. पीतल
7. उकील बन्धुओं
8. रु. 5–7

## ii. रिक्त स्थान –

1. साहब
2. परिजात
3. बैरिस्टरी
4. देश
5. चित्रा
6. शिक्षा
7. छः
8. विद्यासागर नौटियाल
9. बर्तन
10. शहर
11. जुनून
12. ममतामयी
13. टी.बी.

## iii. सही जोड़ी –

| 1 | 2 |
|---|---|
| 1. 1917 | 1. भोजन मीठा |
| 2. कोलकाता | 2. मृदुला गर्ग |
| 3. विद्याा सागर और नौटियाल | 3. कहानी |
| 4. वाराणसी | 4. रतन |
| 5. सहपाठी नरेन्द्र शर्मा | 5. बागल कोट |
| 6. शमशेर बहादुर सिंह का जन्म स्थान | 6. जगदीश चन्द्र माथुर |

## iv. एक वाक्य में उत्तर –

1. नानी स्वर्ग सिधार गई थीं
2. जगदीशचन्द्र माथुर
3. माटीवाली
4. माटीखाना से
5. कहानी
6. लाल व चिकनी मिट्टी
7. एक पाव प्याज
8. विलायत
9. अर्थशास्त्र
10. डालमियाँ नगर
11. दो
12. बिजनेस
13. एक रोटी
14. अनुवाद का कार्य
15. विशिष्ट गद्यकार

## v. सत्य / असत्य –

1. असत्य
2. असत्य
3. सत्य
4. असत्य
5. सत्य
6. सत्य
7. सत्य
8. असत्य
9. सत्य
10. सत्य
11. सत्य

––X––X––